# BLESSING DAY CEREMONY -2024

"In the grand tapestry of our shared journey, where every smile paints a lasting picture and goodbyes twirl in delight, we bid adieu to the wonderful class of 12th session 2023 -24 on 20th January Saturday with a theme of "Hasta LA Vista!"

The farewell ceremony unfolded in a kaleidoscope of emotions, beginning with a captivating lamp lighting ceremony and a soul-stirring prayer dance. The band group's performance echoed the rhythm of cherished memories and their journey was depicted in the form of a heartfelt drama.

Mrs. Shalini Pandey mother of Master Aditya Pandey from class XII, expressed gratitude towards the school for nurturing overall development. A symbolic gift was presented to the school in honor. The head boy, Master Aadhar Munshi and the head girl, Ms. Nyor Joseph in their vote of thanks, echoed sentiments of camaraderie and being grateful to the Senior Coordinator Mrs Jyoti vibin Nair and the class teachers of 11th and 12th for their unparalleled support.

School Principal Rev Br Monachan shared a profound message, imparting essential life lessons. The climax arrived with the eagerly awaited title declaration: Master Divyansh Lamaniya as Mr. Montfort; Ms. Nyor Joseph as Miss Montfort; Master Abhishek Choudhary as Most Disciplined; Ms. Divya Singh Tiwari as Most Punctual; Ms. Pranavi Bhavsar as Scholar of the Year and Master Aadhar Munshi as Premiere Arival of the day.

A sumptuous lunch, arranged to add a touch of familial warmth, brought everyone together. As we bid farewell, let's remember, "In the book of life, the answers aren't in the back." Cheers to new beginnings!

**By Mrs. Samta Chawala**

"आशीर्वाद दिवस'

विदाई समारोह (हसता ला विस्ता) : भावुक हुईं आंखें, रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा मन ।

" मस्ती वाली क्लास, एक दूसरे की बातचीत,

टीचर की दस्तक, सबका टिफिन झपटना।

**शिक्षा के मंच पर ये उम्रें बीती,**

**ख्वाबों की दुनिया जगी ।"**

ये चीज़ें दोबारा कभी नहीं होंगी, लेकिन यादों के रूप में हमेशा बनी रहेंगी..."

दिनांक 20.01.2024. सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, भोपाल .विद्यालय परिसर में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई समारोह "आशीर्वाद दिवस' के रूप में आयोजित किया गया। जीवंत और आनंदमय करने के लिए उन्होंने विद्यालय परिसर की सुन्दर सजावट की तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत वंदन एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना गीत तथा दीप प्रज्ज्वलन

विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के. ,उपप्राचार्य ब्रदर ग्रीओरी बा, कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर, सिस्टर जैनी, सिस्टर चैतन्या, श्री शैलेंद्र कुमार सिंह (अभिभावक दिव्या सिंह) द्वारा किया गया । इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षकगण उपस्थित थे। तत्पश्चात छात्रों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई।

कक्षा 12वीं ए की छात्रा अदिति पांडेय के अभिभावक श्रीमती शालिनी पांडेय ने भी विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने का साधन शिक्षकों तथा विद्यालय को बताया। उनका कहना था कि विद्यालय बिना ज्ञान और शिक्षक बिना अनुशासन संभव नहीं है । कार्यक्रम के बीच-बीच में विद्यार्थियों द्वारा हास्य प्रस्तुतियां दी गई।

अंत में ग्रेंड फिनाले के माध्यम से विद्यार्थियों ने धमाकेदार प्रस्तुति दी। जिसने उपस्थित सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

तत्पश्चात् कक्षा 12वीं से उनकी विशेषताओं के अनुसार निम्नलिखित वर्गों में विशेष टाइटल दिए गए।

शीर्षक

1.श्रीमान(मिस्टर) मोंटफोर्ट - मास्टर दिव्यांश लवानिया

2.सुश्री(मिस ) मोंटफोर्ट - नियोर जोसेफ

3.बहु अनुशासित --मास्टर अभिषेक चौधरी

4. पूर्ण समय पाबंद-मिस दिव्या सिंह

5.स्कॉलर ऑफ द ईयर -मिस प्रणवी भावसार

6. प्रथम आगमन -मास्टर आधार मुंशी

विद्यालय द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। सत्र 2023-2024 के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय को यादगार स्वरूप ब्लूटूथ स्पीकर तथा विद्यालय के तृतीय श्रेणी कर्मचारी (भैया -दीदी) के लिए शॉल आदि भेंट किए गए।

इसी के अनंतर प्राचार्य ब्रदर मोनाचन जिन्होंने हमेशा उदारतापूर्वक अपने विद्यार्थियों को अपना ज्ञान प्रदान किया है ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गर्व व्यक्त किया । अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को स्कूल से विरासत में प्राप्त मूल्यों को अपनाने और समाज में सभी अच्छे काम करने के लिए प्रेरित किया । विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा समझाया कि जीवन में प्रत्येक का सपना सच हो सकता है, यदि आप कर्मठ है। उन्हें सही रास्ते पर मार्गदर्शन किया अपने आस-पास की स्थिति के बावजूद जिम्मेदारियों को सुचारू रूप से निभाने और अपने कनिष्ठों के लिए एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित करने के लिए वरिष्ठों की सराहना की।

प्राचार्य ने 12वीं के विद्यार्थियों को अपनी आकांक्षाओं के साथ अपने परिवार और समाज की अपेक्षाओं के विषय में तालमेल बिठाने के विषय में उपयोगी सलाह दी। व भविष्य के सभी प्रयासों में उनकी खुशी और सफलता की कामना करते हुए उन्हें समाज पर एक अमिट छाप छोड़ने और स्कूल को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया। सभी शिक्षकों ने कक्षा 12 की छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए अनेक आशीर्वाद दिए। सभी ने विद्यार्थियों की उन्नति एवं जीवन में ऊँचाईयों को छूने की ईश्वर से कामना की।

छात्रों की आँखें नम थीं। आज उन्हें लग रहा था कि वे विद्यालय से अलग हो रहे है लेकिन साथ में जीवन की सारी खुशियाँ एवं दुआएँ साथ लेकर जा रहे है। ये पल उनके लिए यादगार बन गए। अंत में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। संपूर्ण कार्यकम उत्साह एवं जोश के साथ संपन्न हुआ।

संक्षेप में, दिन बहुत अच्छा था, पुरानी यादों और मौज-मस्ती और उत्साह से भरा हुआ!

मिस संगीता हसीजा